प्रति, तारीख -

<u>विषय: संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिक कर्तव्य निभाने के लिए अपने प्रतिष्ठित संगठन के सदस्यों के साथ बैठक के लिए समय की मांग करना।</u>

प्रिय महोदय/महोदया,

हम, अवेकन इंडिया मूवमेंट (एआईएम) से खुद को जागृत लोगों के एक जनसमूह के रूप में अपना परिचय देना चाहते हैं, यह एक मजबूत राष्ट्रीय आंदोलन है जिसमें वैज्ञानिक, नौकरशाह, सर्जन, डॉक्टर, वकील, न्यायाधीश, उद्योगपति, प्रोफेसर, कॉर्पोरेट के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और अन्य पेशेवर शामिल हैं। यही नहीं हमारे साथ, पूरे भारत से शिक्षक , मशहूर हस्तियां, प्रबुद्ध युवा और वरिष्ठ नागरिक देश को सत्य और स्वतंत्रता के मार्ग पर लाने के लिए हमारे साथ जुड़े हुए हैं।

हमें यह घोषणा करते हुए भी गर्व हो रहा है कि हमारा धर्मयुद्ध सभी धर्मों के लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जैसे कि हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, पारसी, यहूदी, सिख, बौद्ध और अन्य, इसमें बिना किसी असमानता के सभी आय वर्ग के लोग शामिल हैं। यह हर्ष का विषय है की हमारी संख्या हर मिनट बढ़ रही है।

कृपया हमारे संलग्न एआईएम ब्रोशर पर एक दृष्टी डाले जिसमें हमारे आंदोलन के बारे में बताया गया है और हमने इस कम समय में क्या हासिल किया है।

हम बहुत मेहनत से, बुद्धिमत्ता से और स्वतंत्र रूप से बिना किसी फंडिंग और बिना किसी राजनीतिक संबद्धता के काम कर रहे हैं, हम एक जाग्रत भारत के लिए एक समान लक्ष्य की दिशा में एकजुट होकर अविचल धैर्य के साथ गतिमान हैं। हम जिन विषयों पर काम कर रहे हैं वे हैं:आर्थिक संकट, कैशलेस समाज, जियो इंजीनियरिंग, जीएमओ /बायो फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ, सार्वजनिक स्वास्थ्य विधेयक, महामारी संधि, ई. एम. एफ/5जी का विकिरण, आदि। यह हमारे मानवाधिकारों और आने वाली पीढ़ी की रक्षा के लिए आवश्यक है।

इसलिए हम आपसे और आपके संगठन के सम्मानित सदस्यों और आप जिसे भी इस अवसर पर आमंत्रित कर सकते हैं, से बात करने का एक अवसर प्रदान करने का निवेदन कर रहे हैं। इसमें हमें कम से कम एक घंटा लगेगा और उसके बाद प्रश्नोत्तर का समय भी दिया जायेगा।

हम आपसे मिलने के लिए, अपने आंदोलन के बारे में समझाने के लिए और यह भी बताने के लिए अपॉइंटमेंट मांग रहे हैं कि हमारे बुनियादी अधिकारों के बारे में जागरूक होना और दूसरो को जागरूक करना हम सभी के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है।

धन्यवाद,

एआईएम प्रतिनिधि
(नाम और फ़ोन नंबर)

टिप्पणी : विश्वास और आशा है कि आप हमारे विशाल और कठिन मिशन के पीछे हमारी देशभक्ति ईमानदारी का संज्ञान लेंगे और हमारा पूरा समर्थन करेंगे और हमें जल्द से जल्द एक समय स्लॉट आवंटित करेंगे।